# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (01.05.2025)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 01.05.2025, PAGE-05**

## डिस्टेंस भवन में मैनेजमेंट विभाग शुरू

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरए बिहार विवि के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय (डिस्टेंस) के भवन में बुधवार को मैनेजेंट विभाग का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने किया। इससे पहले मैनेजमेंट विभाग विवि के कॉमर्स विभाग में चलता था। मौके पर वीसी ने कहा कि मैनेजमेंट विभाग की हर तरह से मदद की जाएगी।

कार्यक्रम का संचालन समन्वक सह डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. विनोद बैठा ने किया। डिस्टेंस में अभी मैनेजमेंट के दूसरे और चौथे सेमेस्टर की कक्षा चलेगी। डॉ. बैठा ने बताया कि अभी 90 सीटें हैं जो बाद में बढ़कर 120 हो जाएंगी। दाखिला मैट के आधार पर होगी।



विभाग का उद्घाटन करते वीसी।

## पीजी प्रथम सेमेस्टर का फॉर्म भरने की तारीख बढ़ेगी

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू में पीजी प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024-26 के परीक्षा फार्म भरने की तारीख बढ़ाई जायेगी। इसकी जानकारी बुधवार को विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबा लाल पासवान ने दी।

पहले परीक्षा विभाग ने 30 अप्रैल से फार्म भरने की तारीख जारी की थी, लेकिन कई छात्र संगठनों ने इसका विरोध किया था। विवि की तरफ से परीक्षा फार्म भरने की तारीख जारी होने के बाद कुछ विभागों ने भी आनन-फानन में इंटरनल परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी थी। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि जल्द ही छात्रों का रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। पीजी प्रथम वर्ष में 11 हजार छात्रों ने दाखिला लिया है।

### डिग्री के लिए जमा करने होंगे तीन दस्तावेज

बीआरएबीयू में डिग्री लेने के लिए छात्रों को तीन दस्तावेज जमा करने होंगे। इनमें पेमेंट स्लिप की कॉपी, मार्क्सशीट की कॉपी और रजिस्ट्रेशन की कॉपी जमा होगी। इसका निर्देश डिप्टी कंट्रोलर डॉ. रेणु बाला ने जारी किया। इन तीनों की कॉपी विवि के काउंटर पर छात्रों को जमा करनी होगी और उसकी रीसिविंग लेनी होगी। आवेदन के 20 दिन बाद डिग्री विवि की वेबसाइट पर चेक कर लेंगे। अगर डिग्री वेबसाइट पर नहीं दिख रही है तो यह माना जायेगा कि टीआर में गड़बड़ी है या रिजल्ट पेंडिंग है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE: 01.05.2025, PAGE-04

## अब वेबसाइट से डाउनलोड कर पाएंगे टीए-डीए बिल

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अब परीक्षक विश्वविद्यालय की वेबसाइट से रेमुनरेशन, टीए, डीए और सीए बिल का फार्मेट डाउनलोड कर सकेंगे। फार्म में सभी जानकारियां भरनी होंगी। मूल्यांकन समाप्त होने के 20 दिनों के बाद रेमुनरेशन बिल जमा करना होगा। कुलपति प्रो. डीसी राय के निर्देश पर नई व्यवस्था विश्वविद्यालय में लागू की गई है। इसको लेकर बुधवार को रजिस्ट्रार की ओर से निर्देश जारी किया गया है। इसके लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर तीन चरणों का पालन करना होगा। सबसे पहले विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विजिट करना होगा। इसके बाद सर्विस मेनू पर क्लिक करना होगा। तीसरे चरण में इवैल्युएशन पोर्टल पर जाकर फार्म भरना होगा। आनलाइन फार्म भरने के बाद इसकी हार्ड कापी प्रिंट कर इसपर परीक्षा नियंत्रक के हस्ताक्षर के बाद संबंधित विभाग में जमा करना होगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE: 01.05.2025, PAGE-04

# दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के भवन में स्थानांतरित हुआ मैनेजमेंट विभाग



मैनेजमेंट विभाग के नए भवन का उद्घाटन करते कुलपति प्रो .डीसी राय● जागरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के नए प्रबंधन विभाग का उद्घाटन बुधवार को कुलपति प्रो. डीसी राय ने किया। एमबीए कोर्स अब वाणिज्य विभाग से दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के भवन में स्थानांतरित हो गया है। कुलपति ने इस मौके पर सभी अधिकारियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को बधाई दी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के अधिकारी से लेकर अन्य लोग उपस्थित हुए। फिलहाल एमबीए में नामांकित छात्र-छात्राओं की कक्षा संचालित होगी। वहीं अगले सत्र से मैट से एमबीए कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया होगी। वहीं सीटों की संख्या भी बढ़कर 120 हो जाएगी। विश्वविद्यालय प्रबंधन विभाग के निदेशक प्रो. रवि श्रीवास्तव ने कहा कि कुलपति के निर्देशन में मैनेजमेंट विभाग को बुलंदियों तक पहुंचाएंगे। इस मौके पर डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह, कामर्स के डीन प्रो. सैयद आले मुजतबा, पीजी मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. रजनीश कुमार गुप्ता, डिप्टी रजिस्ट्रा डा. विनोद बैठा, सोशल साइंस की डीन प्रो. संगीता रानी, एलएन मिश्र कालेज आफ बिजनेस मैनेजमेंट के रजिस्ट्रार डा. शरतेंदु शेखर समेत अन्य उपस्थित हुए।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 01.05.2025, PAGE-04

# वेबसाइट बताएगी डिग्री बनी या नहीं

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में एक बार फिर डिग्री प्राप्त करने का नया आदेश जारी, आनलाइन आवेदन के 20 दिन बाद होगा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुरः बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में मूल आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब विद्यार्थियों को डिग्री के लिए पेमेंट स्लिप की कापी, अंकपत्र की कापी, रजिस्ट्रेशन की कापी के साथ विश्वविद्यालय के काउंटर पर आवेदन करना होगा। इसके बाद विद्यार्थियों को प्राप्ति रशीद लेनी होगी। आवेदन के 20 दिनों के बाद विद्यार्थी विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर जाकर डिग्री स्टेटस कालम में जाकर क्रमांक डालकर सर्टिफिकेट चेक करेंगे। डिग्री तैयार दिखाने पर संबंधित महाविद्यालय या विभाग से छात्र-छात्राएं डिग्री प्राप्त कर सकेंगे। इसको लेकर उप परीक्षा नियंत्रक डा. रेणु बाला ने निर्देश जारी किया है। साथ ही में यह भी निर्देश दिया गया है कि अगर 15 से 20 दिनों में अगर छात्र की डिग्री आनलाइन तैयार नहीं प्रदर्शित होती है तो टीआर में रिजल्ट पेंडिंग होने की संभावना हो सकती है। 20 दिनों के बाद सभी मूल अंक पत्र और रजिस्ट्रेशन लेकर विश्वविद्यालय के मूल प्रमाण पत्र शाखा में संपर्क करना होगा।

**डिग्री के लिए दो बार शुल्क ले रहा विश्वविद्यालय :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में डिग्री के लिए विद्यार्थियों को दो बार शुल्क देना पड़ रहा है। सबसे पहले कालेजों में टीडीसी पार्ट थर्ड की परीक्षा के लिए भरे जाने वाले फार्म में 400 रुपये डिग्री के नाम पर जमा कराया जाता है। फिर पहले परीक्षा और परिणाम जारी होने के बाद छात्र अपना मूल प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए दुबारा आनलाइन शुल्क 400 रुपये देना पड़ता है। यानी एक ही सर्टिफिकेट के लिए उन्हें दो बार शुल्क देना पड़ता है। यह शुल्क बढ़कर 800 रुपये हो जाता है। इसके निदान के लिए कई बार विद्यार्थियों और छात्र संगठनों की ओर से मांग की गई है।

**कई छात्रों ने कालेज में जमा शुल्क का चालान लगा किया आवेदनः** कई छात्रों ने कालेज में परीक्षा फार्म भरने के समय जमा किए गए शुल्क का चालान लगाकर आवेदन कर रहे हैं। इसमें भुगतान की राशि का जिक्र किया गया है। छात्रों का कहना है कि शुल्क का भुगतान चालान के माध्यम से बैंक में किया जा चुका है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

# PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 01.05.2025, PAGE-04

### बीआरएबीयू को मिले हैं 24 अभ्यर्थी, 23 की हुई काउंसिलिंग, एक अनुपस्थित

# 23 कॉलेजों को जल्द मिलेंगे स्थायी प्राचार्य, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन पूरा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर



चयनित प्राचार्यों के साथ बैठक करते कुलपति.

गेट हाउस में बुधवार को विश्वविद्यालय स्तर की कमेटी ने नये चयनित प्राचार्यों के डॉक्यूमेंट्स सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की. अब बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के 23 कॉलेजों को जल्द ही स्थायी प्राचार्य मिलेंगे. बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की अनुशंसा पर विश्वविद्यालय को 24 अभ्यर्थी मिले हैं, जिसमें एक महिला काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहीं. डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने सभी नये चयनित प्राचार्यों से मिलकर शुभकामनाएं दी. वहीं शैक्षणिक विकास को लेकर मार्गदर्शन किया. कुलानुशासक प्रो. बीएस राय ने बताया कि 23 नये चयनित प्राचार्यों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन पूरा हो गया है. राजभवन से प्रतिनिधि नियुक्त होने के बाद प्राचार्यों की पोस्टिंग कॉलेजों में कर दी जाएगी. कुलानुशासक प्रो. बीएस राय की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गयी थी. कमेटी में डॉ. अमर बहादुर शुक्ला, डॉ. गौतम चंद्रा, डॉ. सर्वेश धुबे, डॉ अंजलि चंद्रा, अनुराधा पाठक व डॉ विनोद बैठा थे. कुलानुशासक ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग की सूचना भेज दी गई थी. आयोग की अनुशंसा पर विश्वविद्यालय को 24 प्राचार्य मिले हैं, जिसमें एक अभ्यर्थी डॉक्यूमेंट जांच के लिए उपस्थित नहीं हुई.

## नयी व्यवस्था के तहत बिल का होगा भुगतान

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अब परीक्षक विश्वविद्यालय के वेबसाइट से रेमुनरेशन, टीए, डीए और सीए बिल का फार्मेट डाउनलोड कर सकेंगे. कुलपति प्रो. डीसी राय के निर्देश पर यह नयी व्यवस्था विश्वविद्यालय में लागू की गयी है. इसको लेकर बुधवार को रजिस्ट्रार की ओर से निर्देश जारी किया गया है. कहा गया है कि विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों को नयी व्यवस्था के तहत बिल का भुगतान किया जाएगा. फार्म में सभी जानकारियां भरनी होंगी. मूल्यांकन समाप्त होने के 20 दिनों के बाद रेमुनरेशन बिल जमा करना होगा. आनलाइन फार्म भरने के बाद इसकी हार्ड कापी प्रिंट कर इसपर परीक्षा नियंत्रक के हस्ताक्षर के बाद संबंधित विभाग में जमा करना होगा.

## दुरुस्थ शिक्षा निदेशालय में अब एमबीए कोर्स होगा संचालित

**मुजफ्फरपुर.** दुरुस्त शिक्षा निदेशालय में अब एमबीए कोर्स का संचालित होगा. बुधवार को विश्वविद्यालय प्रबंधन विभाग का विधिवत उद्घाटल कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने किया. इस दौरान कुलपति ने कहा कि प्रबंधन विभाग को हर तरह से मदद की जाएगी. इसे बिहार का शीर्ष प्रबंधन संस्थान बनाया जाएगा. इस अवसर पर विभागाध्यक्ष एवं निदेशक प्रो. रवि कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष छात्र कल्याण, डॉ. आलोक प्रताप सिंह, एलएन मिश्र कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के कुलसचिव डॉ. शतेंदु शेखर, कॉर्स डीन प्रो. सैयद अली मुजतबा, विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान प्रो रजनीश कुमार गुप्ता के साथ शिक्ष व प्रबंध विभाग के सभी रिसोर्स पर्सन उपस्थित थे.

इस खबर को वेबसाइट पर पढ़ने के लिए स्कैन करें.

# पीजी के छात्रों का रजिस्ट्रेशन के बाद भरा जाएगा परीक्षा फॉर्म

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी सत्र 2024-26 को लेकर परीक्षा विभाग ने 30 अप्रैल से 10 मई तक परीक्षा फॉर्म भरवाने की तिथि घोषित कर दी थी, जिसको लेकर छात्र असमंजस में थे. अब पीजी सत्र 2024-26 के छात्रों का पहले रजिस्ट्रेशन होगा. इसके बाद परीक्षा फॉर्म भरवाया जाएगा. परीक्षा विभाग ने बुधवार को रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी. परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान ने बताया कि परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि भी रिवाइज होगी. पीजी फर्स्ट सेमेस्टर का एडमिशन अप्रैल के पहले सप्ताह तक लिया गया है. वहीं आधिकारिक तौर पर 16 अप्रैल से सभी पीजी विभाग और कॉलेजों में पीजी की कक्षाएं संचालित की जा रही है. विश्वविद्यालय की ओर से अब तक रोल नंबर भी जारी नहीं किया गया है. वहीं दूसरे विश्वविद्यालय से स्नातक करने वाले छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन भी करना है. वहीं विश्वविद्यालय की ओर से जून तक फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा कराने की योजना है, ताकि सत्र को पटरी पर लाया जा सके. परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जल्द ही पूरी करके परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि घोषित की जाएगी. उधर, कई विभागों ने इंटरनल एग्जाम की तिथि घोषित कर दी है. इसको लेकर भी छात्र परेशान है. वहीं पीजी वाले मामले में छात्रों का कहना था कि कि ना तो रोल नंबर जारी हुआ, ना रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी की गई. सीधे परीक्षा फॉर्म भरवाने का आदेश जारी कर दिया गया.

## मूल आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में बदलाव

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में मूल आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है. इसको लेकर उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. रेणु बाला ने निर्देश जारी किया है. इसके तहत विद्यार्थियों को डिग्री के लिए पेमेंट स्लिप की कॉपी, अंकपत्र की कॉपी, रजिस्ट्रेशन की कॉपी के साथ विश्वविद्यालय के काउंटर पर आवेदन करना होगा. इसके बाद विद्यार्थियों को प्राप्ति रशीद लेनी होगी. आवेदन के 20 दिनों के बाद विद्यार्थी विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर जाकर डिग्री स्टेटस कॉलम में जाकर क्रमांक डालकर सर्टिफिकेट चेक करेंगे.

**ग्रेजुएशन की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच शुरू : मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सोशल साइंस ब्लॉक में ग्रेजुएशन की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच प्रक्रिया मंगलवार से औपचारिक रूप से शुरू हो गयी. जिसके मूल्यांकन निदेशक डॉ. दिलीप कुमार बनाए गए हैं. डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि उत्तरपुस्तिकाओं की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के लिए और मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

DAINIK BHASKAR
MUZAFFARPUR
DATE:01.05.2025
PAGE-02

## अब आवेदन जमा करने के 20 दिन बाद उपलब्ध होगी डिग्री

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अब आवेदन के 20 दिनों के बाद डिग्री उपलब्ध हो जाएगी। इस अवधि में डिग्री तैयार नहीं होने की स्थिति में अभ्यर्थी को मूल अंक पत्र और रजिस्ट्रेशन लेकर विश्वविद्यालय के डिग्री शाखा में संपर्क करना होगा। विश्वविद्यालय की ओर से मूल आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। विद्यार्थियों को डिग्री के लिए पेमेंट स्लिप की कॉपी, अंकपत्र की कॉपी, रजिस्ट्रेशन की कॉपी के साथ विश्वविद्यालय के काउंटर पर आवेदन करना होगा। इसके बाद विद्यार्थियों को प्राप्ति रसीद मिलेगी। आवेदन के 20 दिनों के बाद विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर डिग्री स्टेटस कॉलम में जाकर क्रमांक डालकर सर्टिफिकेट चेक करेंगे। डिग्री तैयार दिखाने पर संबंधित महाविद्यालय या विभाग से छात्र-छात्राएं डिग्री प्राप्त करेंगी। उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. रेणु बाला की ओर से निर्देश जारी किया गया है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE: 01.05.2025, PAGE-02

### बीएसयूएससी ने बीआरएबीयू को आवंटित किया है 24 प्राचार्य, एक अनुपस्थित

# प्राचार्य के लिए 23 अभ्यर्थियों ने कराया डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, राजभवन के आदेश पर होगी पोस्टिंग

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के 23 कॉलेजों को जल्द ही स्थाई प्राचार्य मिलेंगे। बुधवार को विश्वविद्यालय स्तर की कमेटी ने इनके डॉक्यूमेंट्स का सत्यापन कर लिया। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की अनुशंसा पर विश्वविद्यालय को 24 अभ्यर्थी मिले हैं, जिसमें एक महिला काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहीं। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने सभी नव चयनित प्राचार्यों से मिलकर शुभकामनाएं दी और शैक्षणिक विकास को लेकर मार्गदर्शन किया। कुलानुशासक प्रो. बीएस राय ने बताया कि 23 नव चयनित प्राचार्यों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन पूरा हो गया है। राजभवन से प्रतिनिधि नियुक्त होने के बाद प्राचार्यों की पोस्टिंग कॉलेजों में कर दी जाएगी। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोजन ने बीआरएबीयू सहित राज्य के विश्वविद्यालयों के लिए 114 प्राचार्यों की अनुशंसा की है। आयोग की अनुशंसा पर विभाग ने पिछले सप्ताह सभी विश्वविद्यालयों को काउंसिलिंग कराते हुए एक महीने में पदस्थापन के लिए पत्र भेजा था। इसी दौरान राजभवन ने प्राचार्य की नियुक्ति पर रोक लगाते हुए सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश जारी किया। इसमें कहा गया है कि

### राजभवन से प्रतिनिधि नियुक्ति के बाद प्राचार्यों की होगी पोस्टिंग



कुलाधिपति प्रतिनिधि के परामर्श के बाद ही विश्वविद्यालयों में प्राचार्य के रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया होगी। यह भी कहा गया है कि राजभवन की ओर से इसको लेकर दिशा निर्देश जारी किया जाएगा। इससे पूर्व कोई नियुक्ति नहीं की जाए। विश्वविद्यालय में पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को नए गेस्ट हाउस में चयनित अभ्यर्थियों के अनुभव सहित अन्य प्रमाण पत्रों की जांच की गई। कुलानुशासक प्रो. बीएस राय की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई थी। कमेटी में डॉ. अमर बहादुर शुक्ला, डॉ. गौतम चंद्रा, डॉ. सर्वेश धुबे, डॉ. अंजलि चंद्रा, अनुराधा पाठक व डॉ. विनोद बैठा थे। कुलानुशासक ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग की सूचना भेज दी गई थी। आयोग की अनुशंसा पर विवि को 24 प्राचार्य मिले हैं, जिसमें एक अभ्यर्थी डॉक्यूमेंट जांच के लिए उपस्थित नहीं हुईं। अन्य सभी अभ्यर्थी उपस्थित होकर अपने डॉक्यूमेंट्स की जांच कराए।

### इधर, सोशल साइंस ब्लॉक में स्नातक थर्ड सेमेस्टर की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू

मुजफ्फरपुर | बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के स्नातक सत्र 2023-27 के थर्ड सेमेस्टर का मूल्यांकन शुरू हो गया है। विश्वविद्यालय की ओर से सोशल साइंस ब्लॉक को मूल्यांकन केंद्र और डॉ. दिलीप कुमार को निदेशक बनाया गया है। मूल्यांकन कार्य विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत किया जा रहा है। डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के लिए और मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। मूल्यांकन कार्य के पहले चरण में इतिहास, राजनीति शास्त्र और हिंदी विषय की कॉपियों की जांच शुरू हो गई है। अन्य विषयों की जांच भी शीघ्र शुरू होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन का लक्ष्य है कि सभी उत्तरपुस्तिकाओं की जांच निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी कर ली जाए, ताकि छात्रों को जल्द से जल्द उनका परिणाम प्रदान किया जा सके। डॉ. कुमार ने बताया कि कॉपी मूल्यांकन स्थल पर पेयजल, सफाई व सुरक्षा सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।